विषय :– काजरी मनोरंजन क्लब की साधारण सभा के बैठक की कार्यवाही।

काजरी मनोरंजन क्लब की नवीन कार्यकारिणी समिति के निर्धारण हेतु दिनांक 20.12.2022 को दोपहर 03.00 बजें संस्थान् के नवीन सभागार में निदेशक एवं संरक्षक की उपस्थिति में जनरल बॉडी की बैठक हुई जिसमें वर्तमान काजरी मनोरंजन क्लब के सचिव श्री नटवर लाल पुरोहित ने 2016 से आज दिनांक 20.12.2022 तक किये गये विभिन्न कार्योक्रमों/प्रोग्रामों के आयोजन के बारे में विस्तृत विवरण बताया। कोषाध्यक्ष डा. तुलसी राम चौधरी के द्वारा 2016–17 से लेकर आज दिनांक 20.12.2022 तक कोष के आय–व्यय का सम्पूर्ण विवरण प्रस्तुत किया और उक्त तिथी को मनोंरजन क्लब के बैंक के खाते में **रुपयें 80,407.97** शेष उपलब्ध बताया।

उपरोक्त कार्यवाही के बाद क्लब के सचिव नें काजरी मनोरंजन क्लब के निम्न मुददों को चर्चा हेतु प्रस्तत किये :–

1 काजरी मनोरंजन क्लब की नवीन कार्यकारिणी के चुनाव के लिये चर्चा।

2 संस्थान् परिसर में नव वर्ष कार्यक्रम के उपलक्ष पर चर्चा।

3 काजरी मनोरंजन क्लब में कर्मचारियों के अंशदान में वृद्वि पर चर्चा।

उपरोक्त मुददों पर इस प्रकार जनरल बॉडी द्वारा निर्णय पारित किये गये।

बिन्दु 1 में नवीन कार्यकारिणी के चुनाव पर चर्चा उपरान्त निम्न पदाधिकारियों को सर्व सहमति से चुना गया :–

| क्र.सं. | अधिकारी/कर्मचारी के नाम | पद | श्रेणी |
|---|---|---|---|
| 1 | डा. ऐ.के. पटेल | अध्यक्ष | चयनित कार्यकारिणी |
| 2 | श्रीमती सुनीता आर्य | उपाध्यक्ष | |
| 3 | श्री धर्मेन्द्र बोहरा | सचिव | |
| 4 | श्रीमती वर्षा पिड़वा | संयुक्त सचिव | |
| 5 | श्री गुलशन बत्रा | कोषाध्यक्ष | |
| 6 | डा. आनन्द नावरेम | सदस्य | वैज्ञानिक |
| 7 | डा. अर्चना सानियाल | सदस्य | |
| 8 | श्री मुकेश गहलोत | सदस्य | तकनीकी |
| 9 | श्री अमित कुमार सिंह | सदस्य | |
| 10 | श्री सुमेर कटोच | सदस्य | |
| 11 | श्री करण सिंह गहलोत | सदस्य | प्रशासनिक |
| 12 | डा. तुलसी राम चौधरी | सदस्य | |
| 13 | श्री पप्पा राम | सदस्य | चर्तुथ श्रेणी |
| 14 | श्री गज्जें सिंह | सदस्य | |

बिन्दु 2 में संस्थान् परिसर में 5 जनवरी 2023 को नव वर्ष का समारोह आयोजित किया जाये जिसमें गेट टू गेदर होगा और उसके बाद काजरी संस्थान में कार्यरत समस्त अधिकारीयों/कर्मचारीयों/संविदा कर्मीयों के लिए दोपहर के भोजन की व्यवस्था की जायें।

बिन्दु 3 में काजरी मनोरंजन क्लब में कर्मचारियों के अंशदान में वृद्वि के लिये इस प्रकार अनुशंसा की गयी :–

| क.सं. | वेतन ग्रेड | वर्तमान में अंशदान | परिवर्तित अंशदान |
|---|---|---|---|
| 1 | 5200 – 20200 | 50 रुपये प्रति माह | 70 रुपये प्रति माह |
| 2 | 9300 – 34800 | 67 रुपये प्रति माह | 100 रुपये प्रति माह |
| 3 | 15600 – 39100 | 100 रुपये प्रति माह | 150 रुपये प्रति माह |
| 4 | 37400 – 67000 | 133 रुपये प्रति माह | 200 रुपये प्रति माह |

उपरोक्त कटौती वर्ष में एक बार वेतन में से की जाए।

उपरोक्त कार्यवाही के उपरान्त विभिन्न अधिकारियों/कर्मचारियों ने क्लब के कार्य को सुचारु रुप से चलाने हेतु कई प्रकार के सुझाव भी प्रस्तुत किये (Annexure-I) जिस पर नवीन कार्यकारिणी अमन कर सकेगी।

निदेशक महोदय जी ने नवीन कार्यकारिणी के सदस्यों को बधाई दी तथा वर्तमान कार्यकारिणी के सदस्यों द्वारा किये गये कार्यो को सहरानीय बताया तथा नवीन कार्यकारिणी के सदस्यों को क्लब को सुचारु रुप से कार्य करने के सुझाव भी दियें।

बैठक के समापन से पूर्व मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (व.ग्रेड) द्वारा धन्यवाद प्रस्तुत किया गया।

उपरोक्त अनुशंसा निदेशक/सरंक्षक महोदय को स्वीकृति हेतु प्रस्तुत है।

04/01/2023

(नटवर लाल पुरोहित)
सचिव मनोंरजन क्लब

**निदेशक एवं सरंक्षक**

अनुमोदित

4.1.23